# यूरोपीय संसद में संसद चुनाव

## (Parliament Election in European Parliament)

### हालिया संदर्भ-

- हाल ही में 6 से 9 जून के बीच यूरोपीय संसद का चुनाव हुआ।
- इस यूरोपीय संसद चुनाव में यूरोपीयन संघ (EU) के 27 देशों के मतदाताओं ने भाग लिया।
- यूरोपीयन संघ के 27 देशों के 370 मिलियन से अधिक मतदाताओं में से लगभग 51 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मतदान का प्रयोग किया।
- यह यूरोपियन संसद चुनाव 1979 में हुए पहले प्रत्यक्ष चुनाव के बाद से दसवां संसदीय चुनाव था।
- इस यूरोपियन संसदीय चुनाव के साथ कुछ यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में भी चुनाव कराए गए।
- यूरोपीयन संसद के 720 सदस्यीय सदन के चुनाव में दक्षिणपंथी समूह, यूरोपियन पीपुल्स पार्टी (EPP) को सबसे अधिक सीटें (186) जीतने का अनुमान लगाया गया था जो ईपीपी (EPP) के 2019 में प्राप्त कुल सीटों से 10 अधिक है।
- इस चुनाव में आइडेंटिटी एंड डेमोक्रसी (ID) समूह जिसमें नेशनल रैली (NR) पार्टी भी शामिल है को 58 सीटें जीतने का अनुमान लगाया गया है।
- इटली प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ब्रदर्स ऑफ इटली संग गठबंधन वाली यूरोसेप्टिक यूरोपियन कंजर्वेटिव्स एंड रिफॉमिस्ट्स (EECR) समूह को 73 सीटें जीतने का अनुमान लगाया गया है।

### यूरोपियन संसद-

- यूरोपियन संसद यूरोपीय संघ के विधायी निकाय के रूप में जाना जाता है।
- 10 सितंबर 1952 को स्थापित यूरोपियन संसद का पहला प्रत्यक्ष चुनाव जून 1979 में संपन्न हुआ था।
- 720 सदस्यों वाली यूरोपियन संसद, भारत के बाद दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रित निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती है।
- यूरोपियन संसद का मुख्यालय फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में स्थित है जबकि इसका प्रशासनिक कार्यालय 'लक्जमबर्ग' में स्थित है।
- यूरोपियन संसद के सदस्यों को सार्वभौमिक मताधिकार के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से पाँच वर्ष के लिए चुना जाता है।
- यूरोपियन संघ के सभी 27 देशों में, माल्टा, बोल्जियम, आस्ट्रिया और जर्मनी को छोड़कर न्यूनतम मतदान आयु 18 वर्ष है।
- जबकि माल्टा, बेल्जियम, आस्ट्रिया और जर्मनी की न्यूनतम मतदान आयु 16 वर्ष है।

Result Mitra



## यूरोपीय संसद का महत्त्व-

- यूरोपीयन संघ के सभी 27 देश अपनी सामूहिक शक्ति और वैश्विक प्रभाव को बनाए रखने के लिए यूरोपिय संसद पर निर्भर हैं।
- चूँकि यूरोपियन संघ (EU) के सभी 27 देशों के नागरिक अपने मतदान का प्रयोग करके यूरोपीय संसद का सदस्य का चुनाव करते हैं इसलिए यूरोपीय संसद, यूरोपीय संघ है सभी सदस्य देशों को एक निश्चित लोकतांत्रिक वैद्यता प्रदान करती है।
- व्यवहारिक रूप से यूरोपीयन संघ के सदस्य देशों को कुछ निर्णय लेने की शक्तियों के लिए यूरोपीय संसद पर निर्भर रहना पड़ता है।
- यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के लिए यूरोपीय संसद, यूरोपीय संच की परिषद तथा यूरोपीय आयोग कुछ प्रमुख संस्थान है।
- यूरोपीय संसद के सीटों का आबंटन सदस्य देशों के बीच 'अधोगामी अनुपातिकता के सिद्धांत' (Principle of digressive proportionality) यर आबंटित की जाती है।
- अधोगामी अनुपातिकता का सिद्धांत (Principle of digressive proportionality) का तात्पर्य कम जनसंख्या वाले को राज्यों को अधिक जनसंख्या वाले राज्यों के तुलना में अधिक प्रतिनिधित्व देना है।

## यूरोपियन संसद के कार्य-

- यूरोपियान संसद, यूरोपियन संघ के सदस्य देशों के लिए कानून बनाने एवं उसमें संसोधन करने का काम करता है।
- यूरोपियन संसद, यूरोपियन संघ के अन्य सभी संस्थानों जैसे यूरोपियन संघ की परिषद तथा यूरोपियन आयोग के कामों की निगरानी करता है तथा यूरोपियन आयोग में नियुक्तियों को स्वीकार या अस्वीकार करने की शक्ति रखता है।
- यूरोपियन संसद, यूरोपियन संघ के सदस्य देशों के बजट पर भी अधिकार साझा करता है।

Result Mitra

- यूरोपियन संसद 'यूरोपीय लेखा परीक्षक न्यायालय' की वार्षिक रिपोर्ट के आधार पर पिछले बजटों के कार्यान्वन पर भी नजर रखता है।

## नए यूरोपीय संसद के भागामी संभावित वैश्विक मुद्दे-

- नया यूरोपीय संसद वर्तमान के कुछ वैश्विक मुद्दों के समाधान के लिए अगले 5 वर्षों के लिए नीतियाँ बनाकर यूरोपीय संघ के सदस्य देशों की संभावित दिशा तय करने का प्रयास कर सकती है।
- इन वैश्विक मुद्दों में जलवायु परिवर्तन, वर्ष 2050 तक यूरोप को कार्बन तटस्त बनाने के लिए नीतियां, रूस- यूक्रेन युद्ध, मध्य-पूर्व देशों के लिए नीतियाँ, इंडो पेसिफिक क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव से निपटने के लिए नीतियाँ बनाने पर विचार कर सकती है।

## यूरोपीयन संसद के राजनीतिक समूह-

वर्तमान में यूरोपीय संसद में सात राजनीतिक समूह हैं जो निम्न हैं-

1. यूरोपीय पीपुल्स पार्टी ( (EPP)

2. समाजवादी और डेमोक्रेटस का गठबंधन (S&P)

3. यूरोपीय मुक्त गठबंधन (EFA)

4. यूरोपीय परंपरावादी और सुधारवादी समूह (ECR)

5. आइडेंटिटी एन्ड डेमोक्रेसी समूह (ID)

6. वामपंथी समूह

7. रिन्यु यूरोप

- यूरोपियन संसद के हुए पिछले दो चुनावों में कोई भी राजनीतिक समूह पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर पाया है।
- हालांकि यूरोपीय पीपुल्स पार्टी (EPP) पिछले दोनों चुनावों में सबसे बड़ी राजनीतिक समूह के रूप में उभरा है।

Result Mitra

## अप्रवासन मुद्दे पर यूरोपियन संसद का प्रभाव-

- हालिया यूरोपियन संसदीय चुनाव में दक्षिणपंथी समूह के राजनीतिक दल की स्थिति काफी मजबूत मानी जा रही है।
- ये दक्षिणपंथी राजनीतिक समूह लगातार यूरोपियन संघ राज्यों में आप्रवासन, राष्ट्रीय पहचान तथा अपने इस्लाम विरोधी रुख पर लोकप्रियता हासिल करने में सफल हुए हैं।
- इन दक्षिणपंथी समूहों द्वारा नई संसद में अप्रवासन के मुद्दे पर सख्त सीमा नियंत्रण तथा सख्त आव्रजन और शरणार्थियों के लिए कानून बनाने पर संभावित जोर देने का प्रयास किया जा सकता है।

## यूरोपीयन संघ (European Union)-

- यूरोपीयन संघ, यूरोप के 27 देशों का एक राजनीतिक और आर्थिक संघ है।
- औपचारिक रूप से यूरोपियन संघ के गठन की शुरुआत 18 अप्रैल 1951 में फ्रॉंस, इटली, पश्चिम जर्मनी, बेल्जियम, लक्जमबर्ग और नीदरलैंड के बीच हस्ताक्षरित पेरिस की संधि के तहत हो गई थी, जिसके तहत यूरोपीय कोयला और इस्पात समुदाय (ECSC) की स्थापना की गई थी।
- बाद में ECSC, यूरोपीयन संघ का हिस्सा बन गया।
- इसके बाद 1 जनवरी 1958 को यूरोपीय आर्थिक समुदाय (EEC) के निर्माण के लिए रोम की संधि यूरोपियन संघ के गठन के लिए काफी महत्त्वपूर्ण थी।
- 17 फरवरी 1986 में हस्ताक्षरित 'एकल यूरोपीयन अधिनियम', जो कि पूरे यूरोप के लिए एकल बाजार स्थापित करने के संबंध में था, यूरोपीयन संघ के गठन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।
- 1 नवंबर 1993 को हस्ताक्षरित 'मास्ट्रिच संधि' यूरोपीय संघ के गठन के आधार के रूप में जाना जाता है।
- मास्ट्रिच में संधि के तहत तत्कालीन 12 यूरोपीय सदस्य राज्यों द्वारा 'यूरोपीय एकीकरण' के लिए 'एक साझा यूरोपीय नागरिकता' का प्रावधान किया गया।
- 13 दिसंबर 2007 को हस्ताक्षरित एवं 1 दिसंबर 2009 को लागू की गई लिस्बन की संधि ने यूरोपीय संघ के गठन को संवैधानिक आधार देने का काम किया।

- **कुल क्षेत्रफल-** 4,233,255 वर्ग किमी
- **जनसंख्या-** 448 मिलियन (2022 के अनुसार)
- **मुद्रा-** यूरो
- **सदस्य देश-** 27

1. आस्ट्रिया 2. बेल्जियम 3. बुल्गारिया 4. क्रोएशिया 5. साइप्रस 6. चेक रिपब्लिक 7. डेनमार्क 8. एस्तोनिया 9. फिनलैंड 10. फ्रॉंस 11. जर्मनी 12. यूनान 13. हंगरी 14. आयरलैंड 15. इटली 16. लातविया 17. लिथुआनिया 18. लक्समबर्ग 19. माल्टा 20. नीदरलैंड 21. पोलैंड 22. पुर्तगाल 23. रोमानिया 24. स्लोवाकिया 25. स्लोवेनिया 26. स्पेन 27. स्वीडन

Result Mitra

## यूरोपीयन संघ में अप्रवासन के आंकड़े-

- अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी स्टॉक डेटा (2020) के अनुसार लगभग 87 मिलियन अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी यूरोप में रहते हैं।
- वर्ष 2020 तक गैर यूरोपीय प्रवासियों की आबादी यूरोपीय संघ में 40 मिलियन से अधिक हो गई।
- फरवरी 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के पश्चात लगभग 5.7 मिलियन यूक्रेनी शरणार्थी पोलैंड, माल्टा, जर्मनी, स्पेन, फ्रांस तथा चेक गणराज्य में पनाह की।
- जर्मनी, पूरे यूरोपीयन यूनियन में सबसे अधिक लगभग 2 मिलियन शरणार्थियों को पनाह दे रहा है।

Result Mitra